दिनांकः 09.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के सिलसिले में दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा पर–उद्यमियों को देंगे निवेश का आमंत्रण।
- राष्ट्रीय पोषण माह के तहत देशभर में अब तक एक करोड़ 79 लाख गतिविधियां आयोजित।
- प्रदेश में आज से प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की होगी शुरुआत–निक्षय मित्र करेंगे लोगों को जागरुक।
- राज्य में कई स्थानों पर बारिश की गतिविधियां जारी–ओवरफ्लो बांधों से की जा रही है अतिरिक्त पानी की निकासी।

000

प्रदेश में दिसम्बर महीने में आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल के साथ दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा पर हैं। राज्य में औद्योगिक निवेश बढ़ाने और उद्योगों को नई गति देने के उद्देश्य से इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन से पहले, आज से 14 सितम्बर तक इन दोनों देशों में प्री इनवेस्टर्स मीट आयोजित की जायेगी। प्रतिनिधिमण्डल में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। इस दौरान दक्षिण कोरिया और जापान के कई शहरों में निवेशक बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इन बैठकों में ग्लोबल कंपनीज के प्रतिनिधियों और व्यापारिक समूहों से विस्तृत चर्चा कर उन्हें प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

000

वस्तु और सेवाकर –जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक आज नई दिल्ली में होगी। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण बैठक की अध्यक्षता करेंगी। परिषद की पिछली बैठक इस वर्ष जून में हुई थी। इस बैठक में परिषद ने सभी प्रकार के इस्पात, लोहे और एल्यूमीनियम मिल्क कैन पर 12 प्रतिशत जीएसटी की समान दर की सिफारिश की थी। परिषद ने आम लोगों के लिए भारतीय रेलवे की सेवाओं पर जीएसटी नहीं लगाए जाने की भी अनुशंसा की थी। इन सेवाओं में प्लेटफार्म टिकट बिक्री, रिटायरिंग रूम और वेटिंग रूम सुविधा और बैट्री चालित वाहन सेवा शामिल हैं।

000

सातवें राष्ट्रीय पोषण माह के तहत देशभर में अब तक एक करोड़ 79 लाख गतिविधियां आयोजित की गई हैं। एक सितम्बर से शुरू हुआ पोषण माह इस महीने की 30 तारीख तक चलेगा। इस दौरान बच्चों और धात्री महिलाओं में खून की कमी, संतुलित विकास, पूरक आहार तथा पोषण भी पढ़ाई भी और बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। अभियान के दौरान एक पेड़ मां के नाम पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर दिया जा रहा है। इसके तहत 13 लाख 95 हजार आंगनबाडी केन्द्रों को पौधरोपण में शामिल किया जाएगा।

000

जोधपुर में चल रहे भारत सहित आठ देशों की सेनाओं के युद्धाभ्यास **तरंग शक्ति** में आज सेना के तीनों अंगों के वाइस चीफ स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरेंगे। इस दौरान अमरीका, जापान, फ्रांस, ग्रीस, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और सिंगापुर के एयर फोर्स ऑफिसर और 16 से ज्यादा देशों के पर्यवेक्षक साक्षी बनेंगे। तीनों उप प्रमुखों की ये उड़ान महत्वपूर्ण रणनीतिक तौर पर देखी जा रही है। आर्मी के वाइस चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणी, एयरफोर्स के वाइस चीफ एयर मार्शन एपी सिंह और नौसेना के वाइस चीफ कृष्णा स्वामीनाथन दुनिया के देशों को भारतीय युद्धक विमान की कौशल क्षमता का परिचय देंगे।

000

बाड़मेर जिले के गडरा रोड स्थित शहीद स्मारक पर आज रेलवे शहीद मेला आयोजित किया जा रहा है। ये मेला 1965 के भारत पाक युद्ध में रेलवे के 17 कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रहित में दिये गए सर्वोच्च बलिदान की याद में आयोजित किया जाता है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

..............

000

प्रदेश में आज से प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत हो रही है। दो अक्टूबर तक चलने वाले इस विशेष अभियान के दौरान निक्षय मित्र बनाए जाएंगे, जो लोगों को टीबी रोग के प्रति जागरुक करेंगे। इस दौरान गांव–ढाणियों तक इस रोग के प्रति जागरुकता बढाई जाएगी और लोगों को टीबी रोग के लक्षण, जांच और उपचार की जानकारी देकर पौष्टिक भोजन तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

000

प्रदेश के कई भागों में तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। पूर्वी हिस्सों के साथ उत्तरी और दक्षिणी जिलों में भी पिछले कुछ दिनों से बारिश का दौर बना हुआ है। राजधानी जयपुर में बीते दो दिनों से जारी बारिश का सिलसिला आज थोड़ा कम हुआ है। सुबह से बादल छाए हुए हैं और मौसम सुहावना बना हुआ है। अजमेर में तेज बारिश के चलते जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। वहां तीन चार दिन से जारी बारिश के चलते जिला कलेक्टर ने आज सभी स्कूलों में विद्यार्थियों का अवकाश घोषित किया है। सरहदी जिले बाडमेर में भी वर्षा का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। सिरोही जिले में देर रात तक झमाझम बारिश का दौर बना रहा। धौलपुर में रुक–रुक कर बारिश का दौर जारी है। इससे आगई बांध के तीन गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। जिले में चार बालिकाएं पार्वती नदी के बहाव में बह गईं, जिनकी तलाश जारी है। इधर, जयपुर सहित तीन जिलों के पेयजल का प्रमुख स्त्रोत बीसलपुर बांध में पानी की आवक बनी हुई है। टोंक से हमारे संवाददाता ने बताया कि बांध के छह गेट खोलकर अतिरिक्त पानी की निकासी की जा रही है।

..............

मौसम विभाग के अनुसार आज बूंदी, बारां और कोटा में कुछ स्थानों पर बादल गरजने के साथ मध्यम से तेज तथा कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना है। विभाग ने झालावाड़, प्रतापगढ़, बांसवाडा, डूंगरपुर और टोंक जिलों में कहीं–कहीं मध्यम बरसात का पूर्वानुमान जताया है।

000

जोधपुर जिले में इस मॉनसून में हुई अच्छी बारिश से कई इलाकों में भूजल स्तर बढ़ने लगा है। जिले के बिलाड़ा स्थित जसवंत सागर बांध में डेढ दशक बाद 21 फुट से अधिक पानी आने पर आस–पास के कुओं में जलस्तर बढ गया है। कृषि विभाग के अनुसार इससे क्षेत्र में रबी की फसल को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

000

पेरिस पैरालिम्पिक्स खेलों का कल रात रंगारंग समारोह के साथ समापन हो गया। इन खेलों में भारत ने रिकॉर्ड 29 पदक हासिल किये हैं। इनमें 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं। अंकतालिका में भारत ने 18वां स्थान हासिल किया है। समापन समारोह में दुनियाभर के 4 हजार 400 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। पैरालिम्पिक्स खेलों के ध्वज को पेरिस के मेयर ने लॉस एंजिलिस के मेयर को सौंपा। अगले पैरालिंपिक खेलों का आयोजन 2028 में लॉस एंजिलिस में किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पेरिस पैरालिंपिक खेलों में भारतीय दल के शानदार प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

000